# संकलित परीक्षा – II (2016-17)

# हिन्दी 'अ'

# कक्षा –IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड-क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए –** 5

**(5x1=5)**

आँवला सर्वश्रेष्ठ शक्तिदायक फल है। इसका दूसरा नाम अमृत–फल है। सचमुच ही इसमें अमृत के गुण हैं। यह विटामिन 'सी' का अनन्त भण्डार है। विटामिन 'सी' का अर्थ है शक्ति और स्वास्थ्य का आवश्यक तत्व। एक पिष्ट ताजे आँवले में बीस नारंगियों के बराबर विटामिन 'सी' रहता है। इस प्रकार यह शरीर को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ सुन्दर भी बनाता है। इससे रक्त शुद्ध होता है और शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है। आँवले की विशेषता यह है कि इसके विटामिन गरम करने या सुखाने से भी नष्ट नहीं होते। त्रिफला–चूर्ण का मुख्य घटक आँवला ही है। च्यवनप्राश इस अमृत–फल से ही बनता है। महर्षि च्यवन ने बुढ़ापा दूर–भगाने के लिए अश्विनी कुमार से उपाय पूछा। उन्होंने च्यवन ऋषि को नित्य इस फल के सेवन का निर्देश दिया था। इसी के सेवन से च्यवन ऋषि का बुढ़ापा दूर हो गया था। इन्हीं के नाम पर इसका नाम च्यवनप्राश पड़ गया। ओज, बल, एवं युवावस्था को स्थिर रखने तथा बुढापे को दूर भगाने का यह सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक औषध है।

(i) 'अमृत–फल' का अर्थ है वह फल जो, –

(क) कभी मरता नहीं।

(ख) कभी मरने नहीं देता।

(ग) जो सर्वश्रेष्ठ शक्तिदायक फल है।

(घ) जीने नहीं देता।

(ii) 'रोग प्रतिरोधक शक्ति' से तात्पर्य है, –

(क) रोग बढ़ाने वाली शक्ति।

(ख) रोग घटाने वाली शक्ति।

(ग) रोगों को आने से रोकने वाली शक्ति।

(घ) रोग को जाने से रोकने वाली शक्ति।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (iii) 'त्रिफला-चूर्ण' शब्द में विग्रह व समास भेद होगा, -<br>(क) तीनों फलों से रहित चूर्ण (तत्पुरुष)<br>(ख) तीन फल और चूर्ण (द्वन्द्व)<br>(ग) तीनों फलों के चूर्ण का समाहार (द्विगु)<br>(घ) त्रिफला (तीन फलों) का चूर्ण (तत्पुरुष)<br>(iv) च्यवनप्राश बनाया जाता है, -<br>(क) त्रिफला से। (ख) अमृत-वृक्ष से।<br>(ग) आम्र फल से। (घ) ऑवला से।<br>(v) 'प्रतिरोधक' में उपसर्ग है, -<br>(क) पर (ख) प्र<br>(ग) प्रत् (घ) प्रति | |
| | 2 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनकर लिखिए।** **(5x1=5)**<br>अखिल विश्व के कोलाहल से,<br>दूर सुदूर निभृत निर्जन में।<br>गोधूली के मलिनांचल में,<br>कौन जंगली बैठा वन में।।<br><br>शिथिल पड़ी प्रत्यंचा किसकी,<br>धनुष भग्न सब छिन्न जाल है।<br>वंशी नीरव पड़ी धूल में,<br>वीणा का भी बुरा हाल है।।<br><br>किसके तममय अन्तरतम में,<br>झिल्ली की झनकार हो रही।<br>स्मृति सन्नाटे से भर जाती,<br>चपला ले विश्राम सो रही।।<br><br>किसके अन्त:करण अजिर में,<br>अखिल व्योम का लेकर मोती।<br>आँसू का बादल बन जाता,<br>फिर तुषार की वर्षा होती?<br><br>विषय शून्य किसकी चितवन है,<br>ठहरी अलक अलक में आलस!<br>किसका यह सूखा सुहाग है, | 5 |

Koppykitab
Same textbooks, klick away

छिना हुआ किसका सारा रस?

निर्झर कौन बहुत बल खाकर,
विलखाता ठुकराता फिरता?
खोज रहा है स्थान धरा में,
अपने ही चरणों में गिरता।।
किसी हृदय का यह विषाद है,
छेड़ो मत यह सुख का कण है।
उत्तेजित कर मत दौड़ाओ,
करुणा का विश्रान्त चरण है।।

(i) अपने ही चरणों में गिरकर धरा में स्थान खोजता है :

(क) हृदय (ख) निर्झर
(ग) निर्धन मनुष्य (घ) कवि

(ii) करुणा का विश्रान्त चरण कहाँ है?

(क) सुख में (ख) दौड़ में
(ग) दया में (घ) विषाद में

(iii) झिल्ली की झनकार हो रही है :

(क) वीणा में (ख) स्मृति में
(ग) तममय अन्तरतम में (घ) प्रत्यंचा में

(iv) ''निर्जन'' शब्द में समास है :

(क) अव्ययीभाव (ख) तत्पुरुष
(ग) कर्मधारय (घ) बहुब्रीहि

(v) 'प्रत्यंचा' का सम्बन्ध किससे है?

(क) बन्दूक (ख) धनुष
(ग) तलवार (घ) त्रिशुल

**(मुक्त पाठ)**

**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है(**

**विषय : स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं का योगदान( 5+5)**

| | | |
|---|---|---|
| 3a | 'बुदरी की क्षत्राणी' ने स्वतन्त्रता संग्राम में किस प्रकार बिना हथियार चलाये ही अपने को देश के लिए समर्पित कर दिया, उदाहरण द्वारा प्रस्तुत कीजिये | 5 |
| 3b | महिलाएं किन सामाजिक कार्यों में सफल योगदान दे सकती हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करें। | 5 |
| | **खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 4 | (i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।<br>(क) 'विहीन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए।<br>(ख) 'उत्' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए। | 7 |

Kopykitab Same textbooks, knock away

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) 'तथ्यहीन' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए।<br>(घ) 'इयत' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए।<br>(ii) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए।<br>(क) छात्रावास (ख) मृत्युंजय (ग) पंचानन | |
| 5 | (i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए –<br>(क) आपकी यात्रा शुभ हो !<br>(ख) आप विदेश से कब लौटेंगे ?<br>(ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए –<br>(क) तुम आ गए। (विस्मयादिवाचक)<br>(ख) रमन को सोने दो। (निषेधवाचक) | 4 |
| 6 | निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए।<br>(क) कल-कल कोमल कुसुम कुंज पर मधु बरसाने वाला कौन।<br>(ख) जो नत हुआ वह मृत हुआ, ज्यों वृंत से झरकर कुसुम।<br>(ग) मुख-बाल-रवि-सम लाल होकर ज्वाल बोधित हुआ।<br>(घ) भूप सहस दस एकहिं बारा। लगे उठावन टरत न टारा।। | 4 |
| | **खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| 7 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2+2+1)**<br>उन दिनों छुट्टियाँ थीं। आश्रम के अधिकांश लोग बाहर चले गए थे। एक दिन हमने सपरिवार उनके 'दर्शन' की ठानी। 'दर्शन' को मैं जो यहाँ विशेष रूप से दर्शनीय बनाकर लिख रहा हूँ, उसका कारण यह है कि गुरुदेव के पास जब कभी मैं जाता था तो प्रायः वे यह कहकर मुस्करा देते थे कि 'दर्शनार्थी हैं क्या ?' शुरू-शुरू में मैं उनसे ऐसी बांग्ला में बात करता था, जो वस्तुतः हिंदी-मुहावरों का अनुवाद हुआ करती थी।<br>(1) लेखक ने क्यों एवं किसके दर्शन का मन बनाया था ?<br>(2) 'दर्शनार्थी हैं क्या?' गुरुदेव का यह कहकर मुस्कराने का क्या कारण था ?<br>(3) द्विवेदी जी की भाषा की प्रमुख विशेषता बताइए। | 5 |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| 8a | 'मेरे बचपन के दिन' पाठ की लेखिका के जन्म से पहले लड़कियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था ? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| 8b | महल को बचाने के लिए जनरल 'हे' को देवी मैना द्वारा दिए गए तर्क कहाँ तक उचित थे? लिखिए। | 2 |
| 8c | प्रेमचंद जी व परसाई जी के जूतों का तुलनात्मक विवेचन, दो बिंदुओं में, पठित पाठ के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए। | 2 |
| 8d | लेखिका महादेवी वर्मा को चाँदी का कटोरा क्यों मिला था ? इस पर सुभद्रा जी ने क्या कहा था ? बताइए। | 2 |
| 8e | बालिका ने सेनापति से किस भाषा में क्या अनुरोध किया था? इससे क्या सिद्ध होता है? | 2 |
| 9 | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | माँ ने एक बार मुझसे कहा था –<br>दक्षिण की तरफ पैर करके मत सोना<br>वह मृत्यु की दिशा है<br>और यमराज को क्रुद्ध करना<br>बुद्धिमानी की बात नहीं<br>तब मैं छोटा था<br>और मैने यमराज के घर का पता पूछा था<br>उसने बताया था –<br>तुम जहाँ भी हो वहाँ से हमेशा दक्षिण में..<br>(1) माँ के मन में कौन सा भय समाया था ?<br>(2) यमराज कौन है और उन्हें नाराज करना क्यों उचित नहीं ?<br>(3) माँ ने यमराज की दिशा कौन सी बताई थी ? | |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| 10a | ‘राजेश जोशी ने बालश्रम की समस्या को उठा कर शिक्षित समाज को सचेत करने का सार्थक प्रयास किया है?’ आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? पठित पद्य के आलोक में लिखिए। | 2 |
| 10b | ‘मेघ आए’ कविता में पेड़ किसका प्रतीक हैं ? वह मेहमान को देखने के लिए क्या करते हैं ? | 2 |
| 10c | ‘‘चंद्र गहना से लौटती बेर’’ कविता में वर्णित चने के पौधे को ठिगना क्यों कहाँ है और वह किस प्रकार खड़ा है ? | 2 |
| 10d | ‘बच्चे काम पर जा रहे हैं’ कविता में ‘‘कितना भयानक होता अगर ऐसा होता’’ पंक्ति में ‘‘कितना भयानक होता’’ उक्ति से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 10e | ‘चन्द्र गहना से लौटती बेर’ कविता में चने के पौधे को देखकर कवि के मन में क्या कल्पना जगी ? बताइए। | 2 |
| 11 | ‘रीढ़ की हड्डी’ पाठ के आधार पर उमा की माँ प्रेमा समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रही हैंऔर कैसे? | 5 |
| | **खण्ड-घ ( लेखन )** | |
| | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए।** | |
| 12 | **प्लास्टिक की दुनिया :**<br>● भूमिका<br>● प्लास्टिक की उपयोगिता एवं महत्व<br>● प्लास्टिक के प्रकार<br>● प्लास्टिक से हानियाँ<br>● उपसंहार | 10 |
| | **अथवा** | |
| | **मेरी दिल्ली- स्वच्छ और हरी-भरी :**<br>● भूमिका<br>● भारत की राजधानी | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • दिल्ली के दर्शनीय स्थल<br>• अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों का केन्द्र<br>• उपसंहार | |
| | | **अथवा** | |
| | | **अंतरिक्ष में नारी :**<br>• नारी का नया रूप<br>• शिक्षा का प्रभाव<br>• प्रतिभा का उपयोग<br>• प्रेरणास्पद उदाहरण<br>• उपसंहार | 10 |
| | 13 | आपके विद्यालय में पृथ्वी-दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते हुए विदेश में रहने वाले मित्र को पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 | विद्यालय पत्रिका 'उमंग' में प्रकाशित करने के लिए विद्यालय में आयोजित 'वृक्षारोपण समारोह' के बारे में प्रतिवेदन लिखिए। | 5 |
| | | | |
| | | | |

Same textbooks, kitab away